प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.08.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टर गये हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड में चल रही 22 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की, कार्य में तेजी लाने का दिया निर्देश।
- भाजपा ने आदिवासी अस्मिता और बांग्लादेशी घुसपैठ पर फिर सरकार को घेरा, झामुमो ने किया पलटवार, कहा– घुसपैठ रोकना केन्द्र का काम।
- हर घर तिरंगा अभियान को लेकर राज्य भर में उत्साह, साहिबगंज में निकाली गयी तिरंगा यात्रा, कल विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस पर जमशेदपुर में भाजपा बांटेगी 50 हजार तिरंगा।
- केन्द्र सरकार ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कोडरमा की आंगनबाड़ी सेविका को दिल्ली के लालकिला में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर विशेष अतिथि भाग लेने का दिया आमंत्रण।

****

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हास्पिटल की पीजी छात्रा की दुष्कर्म के बाद हत्या से देश भर के डाक्टरों में आक्रोश है। घटना के विरोध में आज से जूनियर डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। झारखंड में आपातकाल को छोड़कर स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने से मरीजों को परेशानी हो रही है। आंदोलनकारी डॉक्टर मामले की सीबीआई जांच और कार्यस्थल पर डॉक्टरों की सुरक्षा की मांग कर रहे हैं।

रिम्स के जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित कुमार ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा और मांगें पूरी नहीं होंगी, हड़ताल जारी रहेगी। इस बीच, आईएमए के सचिव प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं की गयीं, तो सरकारी अस्पतालों और निजी क्लीनिकों के डॉक्टर भी हड़ताल पर जायेंगे।

****

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने झारखंड में चल रही 22 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। नयी दिल्ली में आयोजित बैठक में झारखंड से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, गृह और वन विभाग की प्रधान सचिव वंदना डाडेल, भू–राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव और पीसीसीएफ डॉ संजय श्रीवास्तव, झारखंड एनएचआइ के क्षेत्रीय पदाधिकारी एनएल योतकर और काम कर रही कंपनियों के अधिकारी मौजूद थे। केन्द्रीय मंत्री ने परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

****

मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लिए आवेदन का आंकड़ा 30 लाख के करीब पहुंच गया है। विभाग के अनुसार 17 लाख आवेदन ऑनलाइन और 13 लाख ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त हुए हैं। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रक्षा बंधन के दिन इस योजना की पहली किस्त जारी कर सकते हैं। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा है कि इस महीने के अंत तक सभी लाभुकों के खाते में सम्मान राशि भेज दी जायेगी।

****

इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने मंइयां सम्मान योजना को लेकर राज्य सरकार पर तीखा प्रहार किया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि इस योजना के नाम पर राज्य की महिलाओं को सरकार ठगने का काम कर रही है।

****

भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी अस्मिता और बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर राज्य सरकार को फिर घेरा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार बांग्लादेशियों को संरक्षण दे रही है।

****

इस बीच झामुमो ने भाजपा पर पलटवार किया है। पार्टी ने सोशल मीडिया पर कहा है कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। यही कारण है कि वह लगातार घुसपैठ का राग अलाप रही है।

****

खूंटी जिले में विद्यार्थियों के लिए बेसिक कार्यक्रम वरदान साबित हो रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता –

****

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सुबह नई दिल्ली के भारत मंडपम से हर घर तिरंगा बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राम मोहन नायडू किंजारापु, किरेन रिजिजू और मनसुख मांडविया उपस्थित थे। मौके पर केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान को लेकर देश भर में उत्साह है।

साउंड बाइट – किरन रिजिजू – 27 सेकेंड

****

इधर, झारखंड में भी हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर खासा उत्साह है। साहिबगंज जिले में अखिल भारत विद्यार्थी परिषद की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा भी शामिल हुए। जमशेदपुर में भी हर घर तिरंगा अभियान के तहत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्थानीय सांसद विद्युत वरण महतो ने बताया कि कल इस कड़ी में विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान लोगों के बीच 50 हजार तिरंगे का वितरण किया जायेगा।

****

कोडरमा जिले की लोकाई पंचायत के बलरोटांड आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सावित्री देवी को दिल्ली के लालकिला में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर विशेष अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सावित्री को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नामित किया गया है। इस उपलब्धि पर सावित्री देवी बेहद उत्साहित है।

****

राष्ट्रीय प्रसारक प्रसार भारती और बिग क्रिकेट लीग–बीसीएल ने दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे महत्वाकांक्षी स्थानीय खिलाडियों को अपने क्रिकेट सितारों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा। पेश है एक रिपोर्ट –

*********समाप्त********